हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री


11 जागरूकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम






12 सूर्य उपासना, सेवा और संस्कार का महापर्व मकर संक्रांति श्रद्धा के ...




## खबर संक्षेप


### कोकड़ी में मेला मड़ई 16 को

**सिर्री।** ग्राम कोकड़ी (नारी) में ग्रामवासियों के सहयोग से 16 जनवरी शुक्रवार को पारंपरिक मेला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी घीना (अर्जुंदा) जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

### नवागांव में मड़ई मेला 20 को

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थुहा) में 20 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मयारू गंगा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साराबोंग (ओडिशा) की प्रस्तुति होगी।

### सिर्री में कबड्डी स्पर्धा 17 को




**सिर्री।** ग्राम सिर्री में ग्रामवासियों के सहयोग से रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा 17 जनवरी रविवार को रखी गई है। मैच का शुभारंभ शाम 5 बजे किया जायेगा। प्रवेश शुल्क 301 रुपए है। सभी मैच मैट में खेले जाएंगे। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001 रुपए, तृतीय 3001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए के साथ ही शील्ड एवं कप दिया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर को आयोजक समिति 301 रुपए देकर सम्मानित करेगी। मंच का संचालन भूपेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, रोहित निर्मलकर, कलीराम ध्रुव करेंगे।

### जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 17 से

**कुरुद।** टारनेडो क्लब के तत्वावधान में स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में 17 एवं 18 जनवरी को जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन खेल मेला मैदान कुरूद में किया जा रहा है। विजेता टीम को 21000 रुपये, उपविजेता को 11000 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 6000 रूपये तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त टीम को 4000 रुपये , सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 2100 रूपये, सर्वश्रेष्ठ रेडर को 1100 रू व सर्वश्रेष्ठ कैचर को 1100 और सभी को स्मृति स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति के हरीश देवांगन ने बताया कि प्रतियोगिता में टारनेडो क्लब व्दारा 32 टीम के खिलाड़ियों को नीकर व टी-शर्ट प्रदान की जाएगी। सभी मैच कबड्डी मैट पर खेले जाएंगे। शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद करेंगे। अध्यक्षता श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका कुरूद करेंगी।

### डांडेसरा में मानसगान प्रतियोगिता 16 से

**डांडेसरा(धमतरी)।** धर्म जागरण मानस प्रचार समिति एवं जय बजरंग मानस मंडली द्वारा ग्राम डांडेसरा में राज्यस्तरीय भव्य मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 जनवरी तक किया गया है, जिसमें 21 ख्याति पराप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। शुभारंभ के मुख्य अतिथि ग्रापं सरपंच खुमेश्वरी दीपक साहू, उपसरपंच दामिनी अंगद चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता ग्राम पटेल अंगदराम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि डीआर ध्रुव सेनि प्राचार्य भानपुरी बस्तर, लक्ष्मण साहू ग्रामीण समिति अध्यक्ष रूपलाल साहू पूर्व ग्राम पटेल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के संरक्षक महेन्द्र साहू शिक्षक, हरिशंकर साहू, अध्यक्ष श्रवण नागे, उपाध्यक्ष प्रभुराम साहू, कोषाध्यक्ष कैलाश साहू, सचिव किरण कुमार साहू, शेषनारायण साहू, सहसचिव मनीष राजू साहू, सलाहकार महेश साहू, बंशी नागे जुटे हुए हैं।

कुत्ते के आतंक से नारागांव के ग्रामीणों में दहशत, घरों से निकलने में भी भय

# पागल कुत्ते के काटने से मालकिन सहित 10 से अधिक लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक पालतू कुत्ते ने अपनी वृद्ध मालकिन सहित गांव के 10 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया है। पागल कुत्ते के आतंक से गांव में दहशत का माहौल है।

घायलों के अनुसार गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम नारागांव सियादेही में बुधवार की सुबह एक भूरे रंग का पालतू कुत्ता अचानक पागल हो गया। कुत्ते ने सबसे पहले अपनी वृद्ध मालकिन नवलबाई मंडावी उम्र 55 वर्ष के नाती मेहुल मंडावी को शिकार बनाया। घर के आंगन में खेल रहे बच्चे पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। बच्चे पर कुत्ते को झपटते देख वृद्धा नवलबाई उसे बचाने का प्रयास कर रही थी। तभी कुत्ते ने पलटवार करते हुए बच्चे को छोड़ अपने मालकिन नवलबाई पर हमलाकर हाथों को काट लहूलुहान कर वहां से भाग गया। पैरा लेकर अपने घर आ रहे शिवकुमार तेली उम्र 48 वर्ष को गांव के मुहाने पर हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद पागल कुत्ता गांव में घूम- घूमकर लोगों को लगातार काटकर हमला करता रहा। पागल कुत्ते ने गांव में 10 से अधिक लोगों को घायल कर दिया। सभी घायलों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां एंटीरैबीज की वैक्सीन नहीं होने के कारण घायल नवलबाई मंडावी, मलीना कलियारा 28 वर्ष, शिशुपाल तेली 48 वर्ष, पुष्पा तेली 40 वर्ष, दीपांशु गावड़े 5 वर्ष, मेहुल मंडावी 5 वर्ष व योगेश्वरी मंडावी 33 वर्ष को एंटीरैबीज इंजेक्शन के लिए जिला अस्पताल धमतरी भेज दिया। संजीवनी 108 ने सात घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को एंटीरैबीज का इंजेक्शन लगाकर छुट्टी दे दी गई।

घायलों ने बताया कि पागल कुत्ता अभी भी गांव में घूम रहा है जिसके कारण नारागांव सहित आसपास के गांवों में दहशत फैली हुई है। अब ग्रामीण घरों से निकलने में घबरा रहे हैं।





### गुरुर सीएचसी में नहीं मिली एंटीरैबीज डोज

विडंबना है कि एक तरफ सर्वोच्च न्यायालय कुत्तों के मामले पर लगातार सुनवाई करते हुए सख्त नजर आ रहा है। इसके बावजूद गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटीरैबीज की वैक्सीन नहीं होने स्वास्थ्य व्यवस्था पर कई सवार खड़े हो रहे हैं। गुरुर अस्पताल के घायलों ने बताया कि कि इंजेक्शन नहीं होने के कारण उन्हें धमतरी जिला अस्पताल भेजा गया है। यह भी बताया गया है कि बालोद जिला अस्पताल में भी एंटीरैबीज वैक्सीन का स्टाक नहीं है।

### पालतू था कुत्ता

वृद्धा नवलबाई मंडावी ने बताया कि 4 से 5 माह पहले कुत्ता जब छोटा था तब उसे पालने के लिए घर पर लाई थी, तब से कुत्ता उनके घर में रह रहा था। धीरे धीरे कुत्ता बड़ा हो गया। 15 दिन पहले कुत्ता अचानक कहीं चला गया। वापस लौटने पर वह पागल होकर लोगों पर हमला करने लगा।

# मड़ई घूमने गए युवक पर बदमाशों ने किया चाकू से हमला, गंभीर



ग्राम सुपेला की घटना, भखारा पुलिस संदेही युवकों से कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मड़ई घूमकर निकल रहे एक युवक पर बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

घायल के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सुपेला में मंगलवार को मड़ई का कार्यक्रम आयोजित था। जितेंद्र चक्रधारी पिता भालूराम उम्र 18 वर्ष ग्राम बोरेंदा थाना भखारा निवासी मंगलवार की शाम मड़ई घूमने ग्राम सुपेला गया था। युवक अपने दोस्तों के साथ मड़ई घूम रहा था। इससे पहले मोबाइल की बात को लेकर कुछ युवकों के साथ उसका विवाद हुआ था। जितेंद्र मड़ई घूमकर सुपेला स्थित रवि दुकान के पास पहुंचा था। इसी दौरान लगभग दर्जनभर युवकों ने उसे रोककर मारपीट शुरु कर दी। इसी बीच बदमाशों ने चाकू से युवक की दायीं जांघ में पांच से अधिक बार व हाथ व पीठ में चाकू व लोहे के चूड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू से हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सभी आरोपी वहां से भाग गए। घायल युवक को उपचार के लिए भखारा अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल धमतरी रिफर किया गया। घायल को संजीवनी 108 के माध्यम से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होने पर बुधवार को भखारा पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और घायल का बयान दर्ज किया। बताया जा रहा है कि इस मामले में भखारा पुलिस गंभीरता दिखाते हुए कुछ संदेही युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# कार्रवाई के बाद भी अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेत के अवैध उत्खनन के मामले में कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने चेन माउंटेन मशीन और हाइवा को जब्त किया है। बताया गया है कि यह कार्रवाई लगातार चलती रहेगी। उधर खनिज विभाग की कार्रवाई और चेतावनी के बाद भी अवैध उत्खनन थमा नहीं है। बुधवार को धड़ल्ले से रेत की सप्लाई होती रही।

जिले में बड़े पैमाने पर लगातार अवैध रूप से रेत का उत्खनन हो रहा है। खनिज विभाग ने इस पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार और बुधवार को कई हाईवा और चेन माउंटेन मशीन को जब्त किया। ग्राम करेली और बुढ़ेनी में यह कार्रवाई की गई। बताया गया कि इस दौरान रेत भरकर जा रहे करीब 60 हाइवा की जांच की गई। खनिज विभाग की इस कार्रवाई के बाद जिले में रेत का अवैध कारोबार थमा नहीं। खनिज विभाग की टीम के जाते ही अन्य खदानों में अवैध उत्खनन फिर से शुरू हो गया। खासकर धमतरी शहर के आसपास की खदानों में तो धड़ल्ले से अवैध उत्खनन होता रहा।




# अब तक 1182 करोड़ से अधिक की धान खरीदी

- आज 4,449 किसानों के लिए टोकन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कुल 74 समितियों में 1,29,344 किसानों का 1,27,487.74 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत है। 15 नवम्बर 2025 से अब तक 1,02,030 किसानों से 48,59,048.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसकी कुल राशि 1182.57 करोड़ रुपये है। वहीं, 92,549 किसानों को अब तक 1082.30 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। आज 15 जनवरी के लिए 4,449 किसानों को टोकन जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से 14,863.34 क्विंटल धान की खरीदी प्रस्तावित है।

इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को पारदर्शी व्यवस्था के तहत समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। किसी भी स्तर पर अनियमितता, अवैध भंडारण या परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जिला प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी एवं प्रभावी व्यवस्था के चलते धमतरी जिले में धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है, जिससे किसानों में संतोष एवं विश्वास का माहौल बना हुआ है।



# कल शहर के सभी 40 वार्डों में जलापूर्ति रहेगी बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- जल शुद्धिकरण संयंत्र की होगी सफाई

नगर पालिक निगम क्षेत्र के नागरिकों को 16 जनवरी को एक दिन के लिए पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। नगर निगम प्रशासन द्वारा जल शुद्धिकरण संयंत्र में आवश्यक सफाई कार्य कराए जाने के कारण निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों में पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी।

नगर निगम के आधिपत्य में संचालित 14.7 एमएलडी क्षमता वाले जल शुद्धिकरण संयंत्र के माध्यम से शहर में पेयजल आपूर्ति की जाती है। इस संयंत्र से जुड़े 11 ओवरहेड टैंकों में से वर्तमान में 9 टैंकों के माध्यम से पाइपलाइन द्वारा नागरिकों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। हाल ही में निगम के तकनीकी अमले द्वारा किए गए निरीक्षण में यह सामने आया कि नहर से फिल्टर प्लांट तक पानी लाने वाले ब्रिज में भारी गंदगी और जमाव की स्थिति बन गई है। यदि इसकी समय रहते सफाई नहीं की जाती, तो दूषित पानी की आपूर्ति की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से यह सफाई कार्य कराया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न न हो।



### पेंडरवानी में 16 से मानसगान प्रतियोगिता

**धमतरी।** एकता नवयुवक मंडल पेंडरवानी एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में 16 से 18 जनवरी तक संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्पर्धा में पुरूष एवं महिला मंडलियों के लिए प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, द्वितीय 2501 रुपये, तृतीय 2001 रुपये, चतुर्थ 1701 रुपये एवं पंचम पुरस्कार 1501 रुपये निर्धारित है। दीप प्रज्जवलन एवं शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच त्रिलोकी राम साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष ग्राम विकास समिति जगतराम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच घनश्याम देवांगन, भुवनलाल साहू, कृष्णा देवांगन, जोगूराम यादव, कुंजलाल साहू, नारायण गंजीर, दिनेश कोसरिया, पुनीतराम साहू व धनंजय साहू होंगे। इस दौरान योगिता देवांगन, दीक्षा देवांगन एवं राष्ट्रपति पुरस्कार स्काउट-गाइड से सम्मानित स्काउट टिकेश कुमार व गाइड ओणम मेश्राम को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी शिक्षक प्रहलाद कुमार साहू ने दी है।

# डीपीएल सीजन-7 का रोमांच चरम पर, अब नॉकआउट की जंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मार्निंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में मिशन ग्राउंड पर आयोजित धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता डीपीएल सीजन-7 अब निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। आठ दिनों तक चले लीग मुकाबलों के बाद टूर्नामेंट का रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया है । नॉकआउट राउंड के मुकाबलों की शुरुआत हो रही है।

लीग राउंड के समापन के साथ भटगांव, पोस्ट ऑफिस वार्ड, नवागांव वार्ड, अरौद, साल्हेवार पारा, लोहरसी, महात्मा गांधी वार्ड और हटकेशर वार्ड की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया है। अब नॉकआउट राउंड के मुकाबलों के जरिए शेष 8 टीमें तय की जाएंगी, जिससे प्रतियोगिता और अधिक प्रतिस्पर्धी हो गई है। लीग चरण के अंतिम दिन खेले गए मुकाबलों में दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। हटकेशर वार्ड ने सुंदरगंज वार्ड को 9 विकेट से हराकर अपनी दावेदारी मजबूत की। भूपेंद्र यादव की नाबाद 34 रन की पारी निर्णायक रही। वहीं सोरिद ने जालमपुर को 6 विकेट से पराजित किया, जिसमें पेमन ध्रुव ने घातक गेंदबाजी की। जालमपुर ने अंतिम मुकाबले में सुंदरगंज वार्ड को 44 रन से हराकर लीग का समापन जीत के साथ किया। लीग चरण में साल्हेवार पारा के गौरव नागेश सर्वाधिक रन बनाकर शीर्ष पर रहे। गेंदबाजी में महात्मा गांधी वार्ड के तरुण ने सर्वाधिक विकेट लेकर अपनी छाप छोड़ी, जबकि नवागांव वार्ड के शुभम साहू को भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में चुना गया।




लीग चरण समाप्त, आठ टीमों ने किया दमदार प्रदर्शन

### धान उपार्जन में लापरवाही पर मगरलोड की खाद्य निरीक्षक निलंबित

**धमतरी।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने के आरोप में श्रीमती रीना साहू खाद्य निरीक्षक मगरलोड जिला धमतरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जारी निलंबन के आदेशानुसार धान उपार्जन में दिए गए निर्देशों का पालन श्रीमती साहू द्वारा नहीं किया गया तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अपेक्षित रुचि नहीं ली गई। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के प्रावधानों के प्रतिकूल पाए जाने पर कदाचरण की श्रेणी में माना गया। इन आरोपों के आधार पर श्रीमती रीना साहू को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 09 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय जिला खाद्य अधिकारी धमतरी निर्धारित किया गया है। इस अवधि में वे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्र होंगी।

सूचना मिलते ही सुबह पहुंची बाल संरक्षण विभाग की टीम, समझाइश देकर रूकवाई शादी

# बाल विवाह मुक्त जिले से आने वाली थी कम उम्र के युवक की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूर्णतः बाल विवाह मुक्त जिला के लिए दावा करने वाले बालोद जिले से एक कम उम्र के युवक की बारात कुरूद ब्लाक के एक गांव में आने वाली थी। सूचना पर बाल संरक्षण की टीम अलर्ट हो गई। टीम के सदस्य धमतरी में जिस घर बारात आने वाली थी, वहां पहुंचे और शादी रूकवाई।

प्रदेश सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पूरे प्रदेश को बाल विवाह मुक्त किया जाना है। इसकी शुरूआत ग्राम पंचायतों से की गई है। धमतरी जिले के करीब 80 प्रतिशत गांव बाल विवाह मुक्त हो चुके हैं। उधर बालोद जिले ने इस मामले में पूरे प्रदेश में अव्वल होने का दावा किया है। बालोद जिले को पूर्णतः बाल विवाह मुक्त होने का दावा किया था। अब इस दावे की पोल खुलती नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार बालोद जिले से एक युवक की बारात धमतरी जिले के एक गांव में आने वाली थी। शादी के लिए दूल्हे की उम्र 21 साल से अधि होनी चाहिए, लेकिन इस मामले में दूल्हे की उम्र 19 साल 6 माह मिली। धमतरी जिले में जिस युवती के लिए बारात आने वाली थी, वह बालिग थी।



### अधिकारियों ने रोकी शादी

बाल विवाह मुक्ति अभियान के तहत बाल संरक्षण टीम अलर्ट है। बाल विवाह की तैयारी की जानकारी टीम को 12 जनवरी की रात मिली। सूचना मिलने के बाद 13 जनवरी को सुबह ही टीम शादी वाले घर में पहुंच गई और दूल्हा दुल्हन के उम्र की पुष्टि की। दूल्हे की उम्र शादी लायक नहीं मिलने पर उन्होंने शादी रूकवा दी। समझाइश के बाद परिजन भी युवक की उम्र होने पर शादी करने के लिए राजी हुए।

### हर पंचायत को विवाह का रजिस्टर रखने का निर्देश

पूरे प्रदेश को बाल विवाह मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चल रहा है। जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में कुल 370 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें 316 ग्राम पंचायतों ने बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए प्रस्ताव भेजा है। इन पंचायतों से उनके क्षेत्र में हुए दो साल के विवाह का रिकार्ड मंगाया जा रहा है। अधिकारी इस बात की पुष्टि भी करेंगे कि इस लिस्ट में कोई बाल विवाह का मामला तो नहीं है, इसके बाद ही कलेक्टर द्वारा उस ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त करने अवार्ड पारित करेंगे। बालोद जिले ने इस मामले में जल्दबाजी की, जिसके चलते ऐसे मामले आ रहे हैं। वहां की स्थिति को देखते हुए धमतरी जिले में अधिकारी फूंक-फूंककर कदम रख रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### डॉ. चोवाराम को मिला युवा रत्न सम्मान



**जीजामगांव।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सिर्वे निवासी डॉ चोवाराम यदु को विचार क्रांति सेवा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। विदित हो कि साहित्य एवं समाज हित के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विचार क्रांति प्रोत्साहन परिषद सिंगरौली मध्यप्रदेश द्वारा यह सम्मान दिया गया। डॉ यदु ने सम्मान पत्र मिलने पर विचारक्रांति प्रोत्साहन परिषद के संस्थापक एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### दावा-आपत्ति प्रक्रिया पर हुई बैठक

**धमतरी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 56-सिहावा, 57-कुरूद एवं 58-धमतरी के कुल 809 मतदान केन्द्रों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 किया जा रहा है। इसके तहत प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया, जिसकी प्रतियां जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई गईं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पवन प्रेमी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार 6 से 12 जनवरी तक प्राप्त दावा-आपत्तियों के संबंध में साप्ताहिक बैठक 13 जनवरी को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर आयोजित कर जानकारी से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है और प्राप्त दावा-आपत्ति की एक-एक प्रति भी उपलब्ध कराई गई।

### विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री से किया मुलाकात

**दुर्गूकोंदल।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र कि विधायक सावित्री मनोज मंडावी 14 जनवरी को भिलाई स्थित निवास पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।

### अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने दुर्गेश

**अंतागढ़।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से ब्लॉक अध्यक्षों की सूची अटकी पड़ी हुई थी। सभी ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अपनी अपनी दावेदारी पेश की थी और सूची का आने का इतंजार कर रहे थे, किंतु बड़े अंतराल के बाद अंततः छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉकों के 307 अध्यक्षों की नाम की घोषणा कर दी गई है, जिसमें अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के लिए दुर्गेश ठाकुर का नाम सूची में जारी किया है।

### रजत महोत्सव के तहत आज जिला स्तरीय किसान मेला

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कांकेर में एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 जनवरी गुरुवार को सुबह 11 बजे से एमजी वार्ड स्थित न्यू कम्यूनिटी हॉल में होगा।

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा श्री भूषण लाल साहू पिता मिलन राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम देवकोट तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. के नाम की कृषि भूमि स्थित ग्राम देवकोट प.ह.नं. 07 तहसील गुरूर जिला बालोद खसरा नंबर 07, 9/2 कुल रकबा 0.50 हेक्टेयर भूमि में से 0.04 हेक्टेयर/10 डिसमिल भूमि को क्रय करने का सौदा कर ब्याना राशि प्रदाय कर दिया गया है केवल पंजीयन की कार्यवाही कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निकाय, मंडल, शासकीय व अर्धशासकीय बैंक, वित्तिय संस्था आदि को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने अपने आपत्ति एवं आपत्ति के आधारों, संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत समयावधि पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार हर प्रकार के विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा।

अतः सूचना जाने।

स्थान-धमतरी
दिनांक-15.01.2026

भवदीय
तोषण कुमार साहू, अधिवक्ता
पता-तहसील कार्यालय धमतरी
मो.नंबर-83052-39147

## मोबाइल मेडिकल यूनिट बनी शहरी गरीबों के स्वास्थ्य की जीवनरेखा

# पांच साल में 3.2 लाख मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहरी निर्धनों के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना व धमतरी में स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) अब तंग बस्तियों और स्लम इलाकों तक सीधे पहुंचकर लोगों को इलाज उपलब्ध करा रही है। इससे न केवल अस्पतालों की दूरी घटी है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को भी बड़ी राहत मिली है।

पिछले पांच वर्षों के आंकड़े योजना की सफलता की गवाही दे रहे हैं। वर्ष 2021 से 2025 के बीच कुल 3,21,882 मरीजों ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से उपचार कराया। इस दौरान 79,278 मरीजों की बीपी, शुगर, एनीमिया सहित अन्य आवश्यक लैब जांच की गई, जबकि



2,88,474 मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। यह पहल शहरी स्वास्थ्य तंत्र पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव को कम करने में भी सहायक साबित हुई है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट किसी चलते-फिरते अस्पताल से कम नहीं है। प्रत्येक यूनिट में अनुभवी डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन तैनात रहते हैं। तय समय-सारणी के अनुसार ये टीमें वार्डों के चौक-चौराहों और बस्तियों में पहुंचती हैं। इससे मरीजों का समय और परिवहन खर्च बच रहा है। खासकर बुजुर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं और श्रमिक वर्ग के लिए यह सेवा बेहद सुविधाजनक साबित हो रही है।

स्थानीय नागरिक विनोद मेश्राम, कीर्तन देवांगन, सुभाष सोनकर, प्रकाश मीनपाल, भैया राम यादव, रघुनाथ साहू, देवीलाल मरकाम आदि का कहना है कि पहले छोटी बीमारियों के इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भारी खर्च करना पड़ता था, अब वही उपचार घर के पास मिल रहा है। सामान्य सर्दी-बुखार से लेकर बीपी, शुगर और एनीमिया जैसी बीमारियों की नियमित जांच और मुफ्त दवाओं ने गरीब परिवारों का आर्थिक बोझ काफी हद तक कम किया है।

योजना की सतत निगरानी उच्चाधिकारियों द्वारा की जा रही है, ताकि सेवाओं की गुणवत्ता बनी रहे। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना न केवल द्वार तक स्वास्थ्य की अवधारणा को साकार कर रही है, बल्कि धमतरी के शहरी गरीबों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव ला रही है।

## भारतीय किसान संघ 16 को करेगा धरना-प्रदर्शन



■ मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भारतीय किसान संघ राज्य सरकार की किसानों के धान खरीदी के नाम पर प्रताड़ना एवं हिटलरशाही नीति के विरुद्ध पूरे प्रदेश के जिला कार्यालय में एक साथ धरना एवं ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर चुका है। इसी के तहत धमतरी कलेक्टर आफिस का 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे से घेराव किया जायेगा।

धमतरी जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने बताया कि एक-एक दाना धान खरीदी की बात करने वाली राज्य सरकार जिला प्रशासन की आड़ में किसानों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है। पंजीयन के नाम पर फुटबॉल की तरह नचा रहे हैं और दुर्व्यवहार भी कर रहे हैं। भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों के घर में घुस रही है। उन्होंने कहा कि हम किसान हैं, चोर नहीं है। जो बिचौलिये हैं, उस पर कार्यवाही अवश्य करें। गिरदावरी एग्रीस्टेक अप्रूवल होने के बाद भी कई किसानों का अभी तक सोसाइटी में पंजीयन नहीं किया गया। श्री चंद्राकर का कहना है कि समस्या का समाधान करने वाला कोई नहीं है। भारतीय किसान संघ द्वारा मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## बंजारी में मड़ई मेला व गुरु घासीदास मंदिर निर्माण का हुआ भूमिपूजन

■ मड़ई मेला आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है: मनोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम बंजारी में परंपरागत मड़ई मेला एवं बाबा गुरु घासीदास मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्सवपूर्ण माहौल देखने को मिला।

मुख्य अतिथि मनोज बंजारे (भीम आर्मी सहप्रभारी छत्तीसगढ़) ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधते हैं। मड़ई मेला आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिससे आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक जुड़ाव मजबूत होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद



एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग ने कहा कि मड़ई मेले की शुरुआत इष्टदेवों की पूजा से होती है। इसके बाद लोकनृत्य, गम्मत नाटक और लोकगीतों के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिलती है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराते हैं।

कार्यक्रम में डा. राजू साहू, त्रिलोकचंद जैन, जितेंद्र नारंग, सरपंच त्रिवेणी पाल, सरपंच प्रतिनिधि तुलाराम पाल, उपसरपंच द्वारिका साहू, धनेश्वरी मनहरे, रुक्मणि सेन, जितेश्वरी बघेल, प्रियंका बंजारे, सुखवन्ती साहू, धनेश्वरी साहू, कौशल टंडन, कुलबुल टंडन, नवित डहरे, जितेंद्र यादव, डोमन, देवनारायण बघेल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। मंच संचालन देवकुमार टंडन तथा आभार प्रदर्शन तुलाराम पाल ने किया।

## स्वामी विवेकानंद सनातन संस्कृति के संवाहक थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम मेघा के पंचायत भवन में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके तैलचित्र पर गुलाल, पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। मेघा सरपंच मनीषा ध्रुव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे देश की धरोहर हैं। उन्होंने देश का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ाया और युवाओं के सामने कई मिसाल पेश की है। युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। उपसरपंच छत्रपाल साहू ने कहा कि विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और मार्गदर्शक हैं। उन्होंने भारतीय अध्यात्मवाद के प्रगतिशील विचार से विश्व का परिचय कराया। स्वामी जी युग प्रवर्तक के साथ ही सनातन संस्कृति के संवाहक और युवाओं के आदर्श हैं। इस अवसर पर पंचगण तुलेश निषाद, डोमेन्द्र सिन्हा, बेदराम साहू, कृष्णकुमार साहू, सरिता विश्वकर्मा, गोदावरी पटेल, हेमबाई साहू, भुनेश्वरी साहू, बूथ अध्यक्ष संतोष साहू, पुरुषोत्तम पटेल उपस्थित थे।

## नागरिक बोध से बनेगा सुसंस्कृत समाज : साध्वी ज्योति

■ सेमरा में आयोजित कबीर सत्संग समारोह में साध्वी ने सिविक सेंस पर प्रवचन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम सेमरा में आयोजित त्रि-दिवसीय कबीर सत्संग समारोह में सुठालिया आश्रम राजगढ़ (मप्र) से पधारी साध्वी ज्योति साहेब ने नागरिक बोध (सिविक सेंस) विषय पर प्रेरणादायक प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि सिविक सेंस केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और संस्कारों का प्रतिबिंब है। संत कबीर के विचारों का उल्लेख करते हुए साध्वी ने कहा कि जैसे कबीर साहब ने बाहरी आडंबर की जगह आंतरिक शुद्धता पर बल दिया, वैसे ही सिविक सेंस भी भीतर से उपजा हुआ होना चाहिए।

प्रवचन में स्वच्छता, अनुशासन, समयपालन, सार्वजनिक संपत्ति की



रक्षा और दूसरों के अधिकारों के सम्मान को नागरिक बोध के प्रमुख आधार बताया गया। सड़क पर कचरा न फैलाना, कतार में खड़े रहना, यातायात नियमों का पालन करना तथा बुजुर्गों और महिलाओं के प्रति सम्मान जैसे छोटे व्यवहारों से बड़े सामाजिक परिवर्तन संभव हैं। युवाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए उन्होंने डिजिटल युग में





भाषा की मर्यादा, संयम और सहयोग को सिविक सेंस का नया स्वरूप बताया।

सत्संग के दौरान साध्वी ने नशालिप्त युवाओं के लिए करुणामय उद्बोधन देते हुए कहा कि नशा विवेक का शत्रु है और युवा शक्ति को खोखला कर देता है। उन्होंने सत्संग, योग, ध्यान, खेल और सकारात्मक संगति को नशा मुक्ति का प्रभावी मार्ग बताया।

अनुयायियों के निमंत्रण पर गुरु पूजा अवसर पर साध्वी ने घर पधारकर आशीर्वचन दिए और सत्य, प्रेम, सदाचार व सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया। आयोजन में कबीर समिति चांदपारा सेमरा एवं कबीर पंथियों का विशेष सहयोग रहा।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाने से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव : चंद्रभान

■ सरस्वती विद्या मंदिर पुरूर में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर पुरूर में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र पुष्कर साहू, तुषार सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद तथा प्रियंका साहू ने भारत माता, भगिनी निवेदिता और हेमा साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी का रूप धारण कर भव्य झांकी प्रस्तुत की। झांकी के साथ स्वामी विवेकानंद की जय के उद्घोष के साथ गांव में रैली निकाली गई, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही।

रैली के पश्चात रानी दुर्गावती चौक पर विकासखंड समन्वयक चंद्रभान सिंह निर्मलकर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी



विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने शिकागो धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक भाषण, गुरु रामकृष्ण परमहंस के प्रति उनकी निष्ठा और युवाओं में आत्मविश्वास जगाने वाले विचारों पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य वेदप्रकाश कटेन्द्र ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए माता-पिता के सम्मान, समाज सेवा और चरित्र निर्माण पर बल दिया। योगेश्वर प्रसाद ने भी स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण, निःस्वार्थ सेवा और आत्मविश्वास का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर आनंदराम साहू, ग्राम पटेल कीर्तन माला, सरपंच हीरामणि साहू, संस्था के आचार्यगण, छात्र-छात्राएं एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## धान खरीदी केंद्रों एवं मसानडबरा जनमन कॉलोनी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी गजेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में मंगलवार को विकासखंड नगरी अंतर्गत धान खरीदी केंद्र नगरी, सांकरा, कुकरेल, डोंगरडुला, दुगली एवं केरेगांव का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात मसानडबरा जनमन कॉलोनी का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।





धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान किसानों को दी जा रही सुविधाओं, धान तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, भुगतान व्यवस्था एवं अभिलेख संधारण की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा संबंधित कर्मचारियों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं सुचारू धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं मसानडबरा जनमन कॉलोनी निरीक्षण के दौरान आवासीय सुविधाओं, आधारभूत संरचना, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया गया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए गए।

निरीक्षण दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रीति दुर्गम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं नगरी रोहित बोरझा, उपसंचालक कृषि डीडीओ, एसडीओ आरईएस, एपीओ आवास-नरेगा, डीपीएम, सहायक अभियंता जिला पंचायत तथा वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एसएडीओसहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चटौद में युवा दिवस मनाया गया



**जीजामगांव।** ग्राम चटौद में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौके पर डोमार, नोमेन, गौरी, हरीश, विनोद उपस्थित थे।

## केवि कुरूद की छात्रा ने प्लास्टिक प्रदूषण पर कमी को लेकर तैयार किया था मॉडल

# राज्यस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में लेखा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

वैज्ञानिक सोच, सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से हर लक्ष्य संभव है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरूद की कक्षा 11वीं की छात्रा लेखा साहू ने दुर्ग में आयोजित 53वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025-26 में सेमिनार श्रेणी के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ लेखा का चयन अब राष्ट्रीय स्तर के लिये भी हुआ है।



ज्ञात हो कि छात्रा लेखा ने प्रतियोगिता में प्लास्टिक प्रदूषण में कमी विषय पर आधारित अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने शैवाल आधारित समाधान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और एक बेहतर व टिकाऊ भविष्य की वैज्ञानिक अवधारणा प्रस्तुत की। उनके प्रोजेक्ट को निर्णायक मंडल द्वारा प्रभावशाली और नवाचारी बताया गया। वे 11 वीं विज्ञान संकाय (गणित) की छात्रा है। उन्होंने 10 वीं सीबीएसई बोर्ड में 93 प्रतिशत अंकों के साथ अपने स्कूल में प्रथम स्थान पर रही थीं। उनके पिताजी लुकेश राम साहू शिक्षक व मां श्रीमती तेज साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं।

### निरंतर अभ्यास व सही मार्गदर्शन से मिली सफलता

अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लेखा साहू ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे लिए गर्व का विषय है। यह सफलता सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास का परिणाम है। प्रधानाचार्या श्रीमती ग्लोरिया मिंज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हुए कहा कि उनके प्रोत्साहन और सहयोग से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। उन्होंने अपने मार्गदर्शक शिक्षकों रेणु त्रिपाठी, जीआर कवडे, नेमसिंह एवं हिमांशु शेखर त्रिपाठी का विशेष धन्यवाद किया। लेखा ने अपने माता-पिता के प्रति विशेष कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर विश्वास और हौसला बढ़ाने से ही यह सफलता संभव हो सकी। साथ ही उन्होंने अपने सहपाठी आशुतोष का भी आभार जताया, जिन्होंने प्रस्तुति के प्रत्येक वक्तव्य से लेकर भाव-भंगिमा तक हर स्तर पर महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। विद्यालय परिवार ने छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि लेखा राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

## खैरझिटी स्कूल को ग्रामीणों ने स्मार्ट टीवी भेंट किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

**मगरलोड।** विश्व में भारतीय संस्कृति कों स्थापित करने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शासकीय प्रथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय खैरझिटी को 42 इंच का स्मार्ट टेलीविजन दिया गया। अब बच्चों को आधुनिक टेक्नोलॉजी से शिक्षा प्रदान की जाएगी।

मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ओंकारसिंह साहू, सचिव बिसरूराम साहू, पंच महेन्द्र साहू, प्रधानपाठक खिलेश्वर कश्यप, मनोज साहू, ओमप्रकाश साहू, नोहरसिंह कंवर, सीमा मेडम समेत अन्य मौजूद रहे।

## अंचल की खबरें

### छग क्रिकेट टीम अंडर-14 में कृषचंदन का चयन



**नगरी।** महानदी अकादमी सिहावा नगरी के छात्र कृषचंदन ने क्रिकेट के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन किया है। कृषचंदन का चयन सीएससीएस पुरुष अंडर-14 छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट टीम में हुआ है। वे धमतरी जिले से चयनित होने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। कृष चंदन पिता आशुतोष चंदन ग्राम नवागांव (बेलरगांव) तहसील नगरी निवासी हैं। वर्तमान में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हैं। यह मुकाम कई वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर हासिल किया है। उनकी इस सफलता के पीछे माता-पिता आशुतोष चंदन एवं डिंपल चंदन, नाना नरोत्तमलाल साहू का विशेष आशीर्वाद और सहयोग रहा है। राधेलाल निषाद, युगल साहू, दुष्यंत साहू, डीजेसीएस धमतरी के जॉइंट सेक्रेटरी सकुश गुप्ता, अजय बाबर, अनुप्रिया एवं धमतरी जिला क्रिकेट संघ के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सशिमं आमदी में युवा दिवस मनाया गया



**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, भाषण, नृत्य प्रस्तुत किया। प्रमुख वक्ता चंद्रहास साहू ने बताया कि युवा दिवस हमारे भारतीय संस्कृति के लिए अत्यंत गौरवशाली दिवस है, क्योंकि स्वामी विवेकानंद द्वारा विश्व पटल पर भारत की गरिमा को ऊंचा उठाने का प्रयास किया गया था। इस कार्यक्रम में प्राचार्य जनकराम साहू, शिक्षक प्यारेलाल साहू, लोमेश्वर साहू, नंदूराम कुंभकार, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवल राम साहू, शिक्षिका उर्मिला साहू, प्रेमा साहू, लक्ष्मी साहू, चमेली साहू, नर्मदा मटियारा, तारिणी साहू, लोमिका साहू, तेश्वरी पटेल, रेणुका साहू का योगदान रहा।

### मां की स्मृति में पूर्व सभापति ने कराया न्योता भोज



**अंवरी।** जोरातराई निवासी व जनपद पंचायत कुरूद की पूर्व सभापति परमेश्वरी साहू ने अपनी मां स्व. फेंकन बाई के स्मृति दिवस वार्षिक श्राद्ध पर प्राथमिक, नवीन प्राथमिक, माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं एवं स्टाफ को न्योता भोजन कराया। मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भारत नाहर, पूर्व पार्षद श्रीमती संतोषी निषाद, पूर्व जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू, पूर्व जनपद सदस्यगण रविन्द्र साहू, संतोष साहू, गजेंद्र साहू, थानू साहू, फनेन्द सिन्हा, पुरूषोत्तम साहू, पुरूषोत्तम सिन्हा, मंडल अध्यक्ष गैंदलाल साहू, राजा बंजारे, किसान कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, टेकराम साहू, मानक साहू पूर्व सरपंच, रामरतन, कुलेश्वर, राजेंद्र, रविंद्र सेन, सौरभ पाल, भानुप्रताप, दिलीप साहू उपस्थित रहे।

### अजजा मोर्चा ने राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश का किया आत्मीय स्वागत



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश का रायपुर एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा एमडी ठाकुर, प्रदेशमंत्री अजजा मोर्चा आशु पडौटी तथा जिपं सभापति अजय ध्रुव विशेष रूप से मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने वी. सतीश का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया और संगठनात्मक गतिविधियों पर संक्षिप्त चर्चा की। इस दौरान अनुसूचित जनजाति समाज के सशक्तिकरण, संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श भी हुआ। पदाधिकारियों ने कहा कि वी. सतीश का मार्गदर्शन पार्टी संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ।

### नशामुक्ति के लिए स्वयं से शुरुआत करनी चाहिए



**अंवरी।** छग महतारी महाविद्यालय भखारा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस की बौद्धिक परिचर्चा की मुख्य वक्ता बीके करुणा ने समाज को नशामुक्त करने के लिए स्वयं से शुरुआत की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नशापान करने वाले व्यक्ति को नशा करने से होने वाली शारीरिक, नैतिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों से अवगत कराते हुए समझाया जाये, भले ही वह व्यक्ति अनदेखा करे मगर अपना प्रयास जारी रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति मन से संकल्प लेकर नशामुक्त होना चाहता है तो अपनी सकारात्मकता पर विशेष बल देना चाहिए। कार्यक्रम को डॉ निर्मला साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्श को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। नामिका साहू ने नशा के रुपों पर चर्चा करते हुए कहा कि एक नशा धूम्रपान करने से है जो जीवन को नरक की ओर ले जाता है तथा दूसरा नशा अपने लक्ष्य प्राप्त करने लिए निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

### पंचायत ने दी श्रद्धांजलि योजना की राशि

**जीजामगांव।** सिलीडीह निवासी गणपतराम ध्रुव के देहांत हो जाने पर



श्रद्धांजलि योजना के तहत श्रीमती कुमेति ध्रुव को ग्राम पंचायत द्वारा 2000 रूपये का आर्थिक सहयोग दिया गया। मौके पर सरपंच श्रीमती रूचि देवांगन, उप सरपंच रामबिशाल साहू, पंचगण संतोष निषाद, देवजानी देवांगन, पूर्णिमा यादव, दुर्गा निषाद समेत अन्य पंचायत स्टाफ उपस्थित थे।

---

जागरुकता शिविर में दी गई उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी

# जागरूकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम बलियारा में जिला उपभोक्ता आयोग धमतरी के तत्वावधान में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही, सदस्य सुश्री रूपा शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिविर को संबोधित करते हुए आयोग के अध्यक्ष श्री पाणिग्राही ने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, मिलावट, अधिक मूल्य वसूली या सेवा में कमी की स्थिति में उपभोक्ता





आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। सदस्य सुश्री रूपा शर्मा ने ग्रामीणों को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा ई-हियरिंग प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ता घर बैठे ही डिजिटल माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सुनवाई में भी ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। शिविर में ग्रामीणों को दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने की अपील करते हुए यह भी बताया कि किसी भी वस्तु को क्रय करते समय उसकी अवसान तिथि, एक्सपायरी डेट, एमआरपी, गुणवत्ता चिन्ह (आईएसआई, एगमार्क आदि) का अवलोकन अवश्य करें। साथ ही क्रय की गई प्रत्येक वस्तु का पक्का बिल लेना अनिवार्य बताया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपभोक्ता अपने अधिकारों का संरक्षण कर सके। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। शिविर में जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी सतीश मेनन एवं नवीन जायसवाल ने तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक जानकारी प्रदान की। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना था।

## विद्यार्थियों ने सीखे बचत के हुनर



- कन्या विद्यालय मगरलोड में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को गुल्लक बांटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में अध्ययन करने वाले छात्र- छात्राओं तथा शिक्षकों को भैंसमुंडी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता तुमनचंद साहू ने निःशुल्क गुल्लक वितरण किया।

छात्रों के बीच गुल्लक सजाओ प्रतियोगिता भी हुई। प्रतियोगिता में विद्यालय के 213 विद्यार्थियों के साथ शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में शाला नायिका प्रिया ध्रुव प्रथम व द्वितीय कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा उमा देवी एवं तृतीय कुमारी सुनीता कक्षा 12वीं कॉमर्स की छात्रा रही। 10 बेस्ट प्रतिभागी को मेडल प्रदान किया गया। तुमनचंद साहू ने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा बचत करने एवं बचत को अपने जीवन में धारण करने की शिक्षा दी तथा मैं हूं गुल्लक पर छात्रों द्वारा भी बचत करने की आदत को अपनाने की बात कही गई। प्राचार्य पनेश कुमार सेन ने छात्र-छात्राओं को बचत का महत्व समझाया।

मौके पर शिक्षकगण जियाउद्दीन मुगल, शेख रईसुद्दीन कुरैशी, उमेश मरकाम, विनीता धुर्वे, दामिनी ध्रुव, भारती मरकाम, रूपेश्वरी साहू, एकता घेवरिया, भुवनेश्वरी देवांगन, रूपा साहू, टोमेश साहू, विकास राज, सूर्यकांत कंवर, भरतलाल सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने गुल्लक पर विभिन्न चित्र बनाकर अपने बचपन के अनुभव को ताजा किया।

## दिव्यांग चित्रकार बसंत साहू का डिप्टी सीएम ने किया सम्मान



- बसंत फाउंडेशन की मांगों का त्वरित निराकरण करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संघर्ष से उपजे संकल्प को नमन करने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता दिव्यांग चित्रकार बसंत साहू के निवास पर पहुंच उनकी साधना का सम्मान किया। राष्ट्रीय सम्मान मिलने के ठीक एक माह बाद डिप्टी सीएम का कलाकार के घर दस्तक देना बसंत साहू के संघर्षों का राजकीय अभिनंदन बन गया।

युवा दिवस के दिन कुरुद में लोकार्पण-शिलान्यास करने पहुंचे श्री साव ने बसंत साहू से मिलने की बात कही। उनके सरोजनी चौक निवास पहुंच बसंत का शॉल और श्रीफल से सम्मान करते हुए कहा कि प्रतिभाएं सुविधाओं की मोहताज नहीं होतीं, वे पत्थरों का सीना चीरकर भी अपना रास्ता बना लेती हैं। इस दौरान श्री साहू द्वारा संचालित आर्ट क्लास की दुनिया को डिप्टी सीएम ने करीब से देखा। वहां नन्हे और विशेष बच्चों की उंगलियों का जादू देखकर वे अभिभूत हो गए। उन्होंने माना कि यह संस्थान केवल कला नहीं सिखा रहा, बल्कि जीवन जीने का सलीका गढ़ रहा है।

इस दौरान बसंत ने फाउंडेशन के संचालन और दिव्यांग कलाकारों के लिए आवश्यक संसाधनों की मांग को प्रमुखता से रखा। डिप्टी सीएम ने एक संवेदनशील अभिभावक की तरह हर मांग को सुना और त्वरित निराकरण करने का वचन दिया। अब बसंत साहू और जीवन रंग की नन्ही कला को इंतजार है उस सुबह का, जब डिप्टी सीएम का आश्वासन धरातल पर साकार होगा और कला की यह लौ और अधिक प्रखर होकर जलेगी।

## अटूट भक्ति से ध्रुव ने भगवान विष्णु को प्राप्त किया : पं. तिवारी





- सरबदा में भागवत कथा का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम सरबदा (मड़ेली) में आदर्श मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन पं. कृष्णकुमार तिवारी पाटन वाले सृष्टि वर्णन, मनु-शतरूपा से मानव सृष्टि के विस्तार तथा सती चरित्र का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। बताया कि माता सती प्रजापति दक्ष की पुत्री थीं और भगवान शिव से उनका विवाह दक्ष को स्वीकार नहीं था। शिव का अपमान करने के उद्देश्य से दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया गया। इसके बावजूद सती अपने पिता के घर पहुंचीं, जहां शिव का अपमान होने पर उन्होंने अपने स्वाभिमान और पति के सम्मान की रक्षा हेतु योगाग्नि से देह त्याग कर दिया। इसके पश्चात शिव के क्रोध से उत्पन्न घटनाओं और अंत में क्षमायाचना पर दक्ष को नवीन जीवन मिलने की कथा सुनाई गई। इसके साथ ही ध्रुव चरित्र की प्रेरक कथा का वर्णन करते हुए बताया गया कि अल्प आयु में कठोर तपस्या और अटूट भक्ति से ध्रुव ने भगवान विष्णु को प्रसन्न कर अटल ध्रुव तारे का स्थान प्राप्त किया। कथा स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने अजय चंद्राकर कुरूद विधायक की पत्नी श्रीमती प्रतिभा चंद्राकर, श्रीमती पूर्णिमा रामस्वरूप साहू समेत अनेक श्रद्धालु पहुंचे थे।

## गुजराती महिला क्रिकेट क्लब धमतरी ने रायपुर में लहराया जीत का परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हालिया विश्व विजेता उपलब्धि से प्रेरित होकर धमतरी की गुजराती महिलाओं ने गुजराती महिला क्रिकेट क्लब धमतरी का गठन किया और अपने पहले ही राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में शानदार सफलता हासिल की। श्री गुजराती महिला मंडल रायपुर द्वारा 10 जनवरी को रायपुर के मैदान में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय गुजराती महिला मंडल प्रीमियर लीग (जीएमएमपीएल) में धमतरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में टीम ने तीनों मुकाबले जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पहले मैच में रायपुर गुजराती स्कूल महिला टीम के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 157 रन बनाए और 81 रनों से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में रायपुर गुजराती महिला मंडल टीम के विरुद्ध 108 रन बनाकर 46 रनों से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में पुनः गुजराती स्कूल महिला टीम से सामना हुआ, जिसमें 120 रन बनाकर अंतिम गेंद पर कोमल कटारिया द्वारा किए गए रन आउट से रोमांचक जीत दर्ज की गई। प्रतियोगिता में विधि मिरानी को दो मैचों में वूमन ऑफ द मैच तथा बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला। टीम के सदस्य अर्चना फौजदार, वंदना मिरानी, संगीता गढ़वी, जागृति संघवी, विधि मिरानी, रूपल गौरी, कोमल कटारिया, मोनिका त्रिवेदी, भूमि चितालिया, राखी रायचुरा, लक्षिता गौरी, दीपिका लोहाना, प्रियंका शाह और देवांशी गढ़वी ने कोच इला सोनी के निर्देशन में पिछले 15 दिनों तक मिशन ग्राउंड में कड़ी मेहनत की थी। टीम कप्तान संगीता गढ़वी पूर्व में कच्छ यूनिवर्सिटी की कप्तान रह चुकी हैं और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चैंपियन ट्रॉफी जीत चुकी हैं। जागृति संघवी, लक्षिता गौरी और विधि मिरानी ने भी विभिन्न राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। टीम की जीत पर मिरानी परिवार, फौजदार परिवार और शाह परिवार ने उपस्थित रहकर उत्साहवर्धन किया।

## मंदरौद के कबीर मेले में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

इस वर्ष भी कबीर सौहार्द्र मेला का आयोजन संत परीक्षा साहेब कबीर धर्म मंदिर जियनपुर अयोध्या (उप्र) के सानिध्य में 13 व 14 जनवरी को मानव सेवा शिक्षा संस्थान व समाधान विद्यालय कबीर तीर्थ मंदरौद में किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न भागों से मनीषी संत व साध्वी संत कबीर के मानवतावादी संदेश व जीवन जीने की कला पर अपने-अपने विचार रखे।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संत मुक्तिशरण साहेब कबीर आश्रम कोलियारी, संत अनुकरण साहेब कबीर आश्रम सेनचुवा, संत रविकर साहेब अध्यक्ष कबीर मिशन छग, क्षेमेन्द्र साहेब कबीर आश्रम सेमरा, विजय साहेब कबीर आश्रम इराईकला, सुयश साहेब कबीर आश्रग गुरूर का विचार सुनने को मिला। मंच संचालन संत हरि साहेब परसट्ठी आश्रम ने किया।

## बोर्ड परीक्षा तैयारी में लापरवाही पर प्राचार्य एवं परीक्षा प्रभारी को नोटिस

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी एवं छाती का औचक निरीक्षण कर विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था, अध्यापन गुणवत्ता एवं कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कक्षाओं में अध्यापन की स्थिति, विद्यार्थियों की विषयवार तैयारी, शिक्षकों की उपस्थिति तथा शैक्षणिक अनुशासन का बारीकी से अवलोकन किया।

समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित विद्यालयों के विगत वर्षों के बोर्ड परीक्षा परिणाम अत्यंत असंतोषजनक रहे हैं। साथ ही कमजोर विद्यार्थियों के लिए आवश्यक अतिरिक्त कक्षाओं, रिवीजन एवं मार्गदर्शन सत्रों का समुचित संचालन नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु विषय शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों द्वारा अपेक्षित गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के अभाव पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी एवं छाती के प्राचार्य तथा परीक्षा प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संबंधित अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना तथ्यात्मक एवं लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यार्थी कड़ी मेहनत करें : ध्रुवंशी

# कसही में धुरी समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम कसही में धुरी (ध्रुवंशी) समाज धमतरी क्षेत्र का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि नरेंद्र ध्रुवंशी महासचिव रायपुर संभाग थे। अध्यक्षता श्रीमती डिगेश्वरी साहू सरपंच हंकारा ने की। विशिष्ट अतिथि पवन चंद्राकर अध्यक्ष किसान राइस मिल धमतरी, मुकेश ध्रुव पूर्व सरपंच, सेवाराम ध्रुवंशी कोषाध्यक्ष महासभा, बीएस कश्यप अध्यक्ष धुरी समाज थे।

अध्यक्ष बीएस कश्यप ने कहा कि धुरी समाज की उत्पत्ति भगवान शिव के धूल कण से हुई है, इसलिए इसका नाम धुरी पड़ा। निवंश के वैज्ञानिक आरवी रूस्सैल एवं हीरालाल ने सन 1911 में सर्वे किया




था, उस समय इस जाति की कुल जनसंख्या छग में 3000 थी, अब 30000 हो गई। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। बुजुर्ग महिलाओं श्रीमती दुलारी कश्यप 75 वर्ष, श्रीमती फूलकुंवर ध्रुवंशी 77 वर्ष का सम्मान श्रीफल एवं साड़ी से किया गया। समाज के कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल ध्रुवंशी ने कहा कि बुजुर्ग माताएं एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समाज की अच्छी पहल है। इससे विद्यार्थियों के विचारों में परिवर्तन आएगा। अरमान खां ने कहा कि ज्ञान से बढ़कर कोई धन नही है। मुकेश ध्रुव ने कहा कि धुरी जाति को सन 1996 में ओबीसी की श्रेणी लाने का श्रेय बीएस कश्यप का रहा। पवन चंद्राकर,सरपंच श्रीमती डिगेश्वरी साहू ने कहा कि समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना एक मिसाल है।

मुख्य अतिथि नरेंद्र ध्रुवंशी ने कहा कि पूरे संभाग को चार जोन में विभाजित किया गया है, जिसमें धुरी (ध्रुवंशी) समाज धमतरी जिले के अंतर्गत आता है। पदाधिकारियों के अथक प्रयास से बुजुर्ग माताओं एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। उन्होंने आगे कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति मुख्य भूमिका होनी चाहिए। सभा का संचालन बीएस कश्यप ने किया।

## समाजसेवियों ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर के अनेक समाज सेवकों द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भूपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष स्वामी विवेकानंद की 164 वीं जयंती पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 12 जनवरी 2026 को स्वदेशी संकल्प दौड़ शीर्षक से एक राष्ट्रव्यापी युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती 23 जनवरी तक होगा। बनियापारा वार्ड के पार्षद जुगलकिशोर पिंटू यादव ने कहा कि भारत को आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना होगा। अरुण देवांगन,



मुकेश पटेल ने कहा कि यह दौड़ केवल एक शारीरिक गतिविधि न होकर स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा राष्ट्र हित के प्रति संकल्प का प्रतीक है। हरीश पाठक ने कहा कि स्वदेशी संकल्प दौड़ में कार्यकर्ताओं, युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हो।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्योग के प्रबंधक सुरेन्द्र पुरी गोस्वामी ने किया। उन्होंने समाज सेवकों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन संदीप राव एवं आभार प्रदर्शन रोहित सोनी ने किया।

### मंदिरों से लेकर प्रशिक्षण केंद्र, योग स्थलों और सामाजिक संस्थानों तक दिखी आस्था

# सूर्य उपासना, सेवा और संस्कार का महापर्व मकर संक्रांति श्रद्धा के साथ मनाया गया


विंध्यवासिनी मंदिर में सुबह से शाम तक भीड़ रही।


सार्थक स्कूल में बच्चों ने पतंगबाजी का लुत्फ उठाया।


सिख समाज ने नई फसल आने पर लोहड़ी पर्व मनाया।


चित्रा अष्टांग योग केंद्र में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सूर्य उपासना और लोक आस्था का महापर्व मकर संक्रांति जिले में श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया। मकर संक्रांति के साथ-साथ पोंगल और लोहड़ी के पर्व ने भी धार्मिक, सांस्कृतिक और लोक परंपराओं को जीवंत कर दिया। सुबह से ही शहर एवं ग्रामीण अंचल के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पवित्र नदियों में स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और तिल-गुड़, खिचड़ी, गुड़ व गन्ने का दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन सूर्यदेव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य उत्तरायण होते हैं। इसे देवताओं का दिन माना जाता है और इसी दिन से शुभ कार्यों की शुरुआत का विशेष महत्व है।

#### मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पौराणिक कथा के अनुसार मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि देव से मिलने जाते हैं, जिससे आपसी वैमनस्य समाप्त होता है। यह पर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देता है। ज्योतिषाचार्य पंडित सूरज तिवारी ने कहा कि मकर संक्रांति से नकारात्मक ऊर्जा का क्षय होता है और सकारात्मकता का संचार होता है। पंडित कृष्ण तिवारी ने बताया कि इस दिन दान-पुण्य करने से पुण्य फल कई गुना बढ़ जाता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

#### मकर संक्रांति पर सार्थक स्कूल में बिखरी खुशियां

मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में मकर संक्रांति का पर्व भावनात्मक और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। समाजसेविका प्रियंका शर्मा के आगमन से बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, तिलक कर अतिथि का स्वागत किया और सूर्यदेव को 16 दीप अर्पित किए। बच्चों ने पतंग उड़ाई, तिल के लड्डू, कचौड़ी व फल का आनंद लिया। प्रियंका शर्मा ने बच्चों को स्टेशनरी सामग्री भेंट की। संस्थापक अध्यक्ष प्रभा रावत और अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने आयोजन को प्रेरणादायक बताया।

#### सकारात्मक परिवर्तन का पर्व : महापौर

नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मकर संक्रांति परंपरा, प्रगति और सकारात्मक परिवर्तन का पर्व है। उन्होंने इसे नई सोच, नई ऊर्जा और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि नगर निगम धमतरी शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाला समय प्रगति का नया अध्याय लिखेगा।

#### योग और सूर्य उपासना का दिया संदेश

हाउसिंग बोर्ड हटकेश्वर कॉलोनी स्थित चित्रा अष्टांग योग केंद्र में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। संचालक डॉ. दिनेश कुमार नाग ने बताया कि सूर्य उत्तरायण काल में सूर्य नमस्कार से शारीरिक-मानसिक ऊर्जा बढ़ती है। योग प्रशिक्षक नरेश कुमार नाग एवं पूजा नाग ने अभ्यास कराया। विशेष अतिथि सरिता अग्रवाल और न्यायाधीश नेहा उसेंडी ने बच्चों को प्रेरित किया।

#### सिख समाज ने लोहड़ी पर्व मनाया

सिख समाज द्वारा पारंपरिक लोक पर्व लोहड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से अग्नि प्रज्ज्वलित कर परिक्रमा की और तिल, मूंगफली, रेवड़ी व गुड़ अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। लोहड़ी पर्व नई फसल के आगमन और प्राकृतिक कृपा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गीतों और लोक धुनों पर बच्चों व युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

## खबर संक्षेप

### बिरेतरा में सत्संग 15 से

**धमतरी।** सद्गुरु कबीर साहेब के उपदेशों को जन-जन तक पंहुचांने के उद्देश्य से ग्राम बिरेतरा में साध्वी चंद्रकला साहेब का दो दिवसीय सत्संग भजन प्रवचन कार्यक्रम 15 व 16 जनवरी को बाजार चौक में रखा गया है। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू शिक्षक ने दी है।

### सोनेवारा में मड़ई मेला 28 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा में ग्रामवासियों से सहयोग से 28 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भानपुरी का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में ग्राम विकास के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### संगठन को मजबूती देने में नए ब्लॉक अध्यक्षों की भूमिका अहम रहेगी

**धमतरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा के बाद छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट द्वारा धमतरी जिले के सभी नौ ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संगठनात्मक अनुभव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से की गई। ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के बाद धमतरी जिले के कांग्रेस संगठन में सक्रियता और उत्साह का माहौल देखा गया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय समन्वयक (ओबीसी) एवं पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू ने कहा कि संगठन को मजबूती देने में ब्लॉक अध्यक्षों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठनात्मक कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे। कांग्रेस संगठन ने इन नियुक्तियों को आगामी समय

## मतदान करना हर नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है : जायसवाल




- आमदी कालेज में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में स्वीप समिति अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का संचालन स्वीप प्रभारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समय पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाएं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु फॉर्म 6 की जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित महाविद्यालय के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अधिकांश छात्र–छात्रएं जिनका नाम मतदाता सूची में पहले से दर्ज है, उन्हें यह संदेश दिया गया कि वे अपने आसपास के पात्र युवाओं, जिनका नाम अभी मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है, उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता रमेश कुमार एवं एनएसएस स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

## पतंगोत्सव से प्रबल हुई सामाजिक एकता

- मकर संक्रांति पर्व समाज में भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है : प्रीतेश
- सामाजिक कार्यों में गुजराती समाज की भूमिका सदैव अग्रणी : देवजी पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगोत्सव को जो राष्ट्रीय पहचान दिलाई गई थी, उसी परंपरा का अनुसरण करते हुए श्री गुजराती युवा मंडल रायपुर द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर निगम खेल मैदान बूढ़ापारा स्थित सप्रे शाला ग्राउंड, रायपुर में उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। महोत्सव में रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से गुजराती समाज के युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस अवसर पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत 2047 की परिकल्पना हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मकर संक्रांति जैसे पर्व समाज में भाईचारा, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। सूर्य के उत्तरायण होने का यह पर्व सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करता है। यही गुजराती समाज की सबसे बड़ी शक्ति और पूंजी है, जिसे और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।

समाज के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि गुजराती समाज सदैव सामाजिक सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण में अग्रणी रहा है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति सेवा भाव से जुड़कर धर्म, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। पतंगोत्सव के संरक्षक एवं रायपुर नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक और नैतिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी विधायक रायपुर दक्षिण, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, विधायक पुरेंदर मिश्रा, मुरली शर्मा, श्री गुजराती युवा मंडल रायपुर अध्यक्ष गौरांग काचा, उपाध्यक्ष जतिन बावरिया, चिराग दोशी, सचिव चिराग जोशी, निखिल पंड्या, कोषाध्यक्ष हिलोर बारमेड़ा, भावेश राठोड़, सदस्यगण विशाल टांक, कल्पेश ढोलकिया, प्रकाश बारमेड़ा अध्यक्ष रायपुर गुजराती समाज, सुनील पंड्या, नितिन ढोलकिया, चंद्रकांत देसाई, जितेन्द्र चौहान, विपिन पटेल, हितेश लोटिया, आशीष बावरिया, प्रशांत पंडया, वर्धन ठक्कर, हितेश टांक, प्रदेश जोशी, मुकेश शाह, प्रकाश पुजारा, रोहित पिथालिया, प्रतीक चौहान, हेमल देसाई, श्रीमती कोकिला बेन, श्रीमती प्रेरणा बट, श्रीमती नेहा माणेक, श्रीमती रश्मि बेन मिरानी, हितेश रायचुरा उपस्थित थे।

## जिले में कांग्रेस संगठन को नई जिम्मेदारियां, नौ ब्लॉक अध्यक्ष घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट द्वारा धमतरी जिले के नौ ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इस संगठनात्मक फेरबदल को जिला स्तर पर कांग्रेस को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नियुक्तियों के साथ ही जिले की राजनीति में नई सक्रियता देखने को मिल रही है।

धमतरी शहर में संगठनात्मक संतुलन बनाते हुए ब्लॉक क्रमांक–2 से योगेश शर्मा को पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि ब्लॉक क्रमांक–1 की कमान गौतम वाधवानी को दी गई है। ग्रामीण और अन्य विकासखंडों में भी नए चेहरों को संगठन की कमान सौंपी गई है। धमतरी ग्रामीण ब्लॉक से खिलेन्द्र ध्रुव, कुकरेल से अखिलेश दुबे, भखारा से होमेन्द्र साहू, नगरी से अनवर रजा, कुरूद से महिम शुक्ला, मगरलोड से विनीत बाफना और बेलरगांव से राजू सोम को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है।

इन नियुक्तियों में एक को छोड़कर सभी स्थानों पर नए चेहरों को अवसर दिया गया है, जिससे संगठन में ऊर्जा और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह निर्णय जमीनी स्तर पर संगठन को पुनर्गठित करने की रणनीति का हिस्सा है। हालांकि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में नई टीम के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कांग्रेस विपक्ष की भूमिका में है, ऐसे में ब्लॉक अध्यक्षों को क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने, जनआंदोलनों में सहभागिता बढ़ाने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता होगी।

## प्रभु राम हिंदुओं के आराध्य तो सनातन धर्म के साध्य हैं स्वामी विवेकानंद : पं. राजेश

- ब्राह्मणपारा वार्ड में चल रही रामकथा के आयोजन में पहुंचे समाजसेवी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भगवान श्रीराम करोड़ों हिंदुओं के आराध्य पुरुष के रूप में अपने दिव्य जीवन चरित्र के कारण पूजे जाते हैं जो श्री रामचरितमानस की प्रत्येक चौपाई में समाया हुआ है जिसमें जीवन के सारी समस्याओं की समग्र सच्चाई छिपी हुई है।

वहीं भारत के अध्यात्म धर्म पताका को विश्व अटल पर स्थापित करने वाले युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि यदि प्रभु श्रीराम धार्मिक क्षेत्र में आराध्य के रूप में स्वीकार्य है तो स्वामी विवेकानंद सनातन धर्म के साध्य के रूप में युगोंयुगों तक भारत की सांस्कृतिक विरासत का मार्गदर्शन करते रहेंगे। यह बातें धर्म पंडित राजेश शर्मा ने ब्राह्मण द्वारा वार्ड में पांच दिवसीय आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में कही।

इससे पूर्व उन्होंने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सभी के सुख शांति एवं समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की। मौके पर पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षदगण पिंटू यादव, कुलेश सोनी, सनत शर्मा, कोमल सार्वा, राजेश पांडे, अजित खंडेलवाल, संतोष तिवारी, गोलू दुबे, राजा तिवारी, राजा श्रीवास्तव, सुभाष रजक, गौरव शर्मा, संतोष साहू, सूरज सोनी, छविन्द्र सोनी, डाली सोनी, गौरी शर्मा, निर्मला तिवारी, तुलेश्वरी रजक उपस्थित थे।

## आरएसएस ने मनाया मकर संक्रांति पर्व





- स्वयंसेवकों में हुआ राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और सांस्कृतिक चेतना का संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिवाजी प्रभात शाखा, मराठापारा बस्ती तथा जय जगत जननी रिसाईमाता प्रभात शाखा, पोस्ट ऑफिस बस्ती धमतरी में मकर संक्रांति उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से वर्ष के अंतिम उत्सव के रूप में मनाए गए इस पर्व ने स्वयंसेवकों में राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया।

शिवाजी प्रभात शाखा, मराठापारा बस्ती में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र थे। मुख्य वक्ता प्रतापराव कृदत्त थे। श्री कृदत्त ने मकर संक्रांति के सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है, जो जीवन में नए प्रकाश, ऊर्जा और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश देता है। जैसे सूर्य अपने नियत मार्ग पर निरंतर चलता रहता है, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को भी अनुशासन, परिश्रम और त्याग के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व भारतीय जीवन मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। जयजगत जननी रिसाई माता प्रभात शाखा, पोस्ट ऑफिस बस्ती में आयोजित मकर संक्रांति उत्सव की अध्यक्षता डीपी सिन्हा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि मकर संक्रांति को संघ द्वारा अपने प्रमुख उत्सवों में शामिल करने का गहरा भावार्थ है। यह पर्व सूर्य देव से जुड़ा है, जो बिना विश्राम के संपूर्ण ब्रह्माण्ड को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ. केएस शांडिल्य ने भारतीय संस्कृति में पर्वों की भूमिका तथा संघ द्वारा सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं ध्वज प्रणाम के साथ हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया गया। दोनों कार्यक्रम में शिवाजी साहू, राजू सोनकर, ऋषिकांत सिन्हा, पवन कौशिक, योगेश साहू, डॉ. दानीराम सिन्हा, योगेन्द्र यादव, वेदप्रकाश भोंसले, सागर निर्मलकर सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 19 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के इच्छुक 18 से 45 वर्ष तक की आयु के आवेदकों से 19 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए कम से कम आठवीं पास, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन के लिए दसवीं और फील्ड टेक्नीशियन (एयर कंडीशनर) के प्रशिक्षण के लिए बारहवीं पास होना अनिवार्य है।







